**राष्ट्रीय महिला आयोग**

**दिनांक 26 जून, 2024 को आयोजित आयोग की**

**239वीं बैठक का कार्यवृत्त**

उपस्थित:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सुश्री रेखा शर्मा | - | अध्यक्षा |
| 2. | सुश्री डेलिना खोंगडुप | - | सदस्य |
| 3. | सुश्री ममता कुमारी | - | सदस्य |
| 4. | सुश्री मीनाक्षी नेगी | - | सदस्य सचिव |

अन्य उपस्थित:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री ए. अशोली चलाई | - | संयुक्त सचिव |
| 2. | डॉ. शिवानी दे | - | उप-सचिव |
| 3. | श्री राजेश सिंह बिष्ट | - | वेतन एवं लेखा अधिकारी |
| 4. | श्री आशुतोष पांडे | - | अवर सचिव (सा.प्र.) |
| 5. | श्री एस.एस. सेनापति | - | वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी |
| 6. | सुश्री कंचन खट्टर | - | वरिष्ठ समन्वयक |
| 7. | सुश्री एम. लीलाबती | - | वरिष्ठ समन्वयक |
| 8. | सुश्री नेहा सिंह | - | परामर्शदाता |
| 9. | सुश्री टुनिका उपाध्याय | - | परामर्शदाता |
| 10. | सुश्री सना कौ. गुप्ता | - | सलाहकार (मीडिया/सोशल मीडिया) |
| 11. | श्री शिवम गर्ग | - | सलाहकार (मीडिया/सोशल मीडिया) |
| 12. | सुश्री सुरुचि पुंज | - | अध्यक्षा की निजी सहायक |
| 13. | श्री अतुल सिन्हा | - | वरिष्ठ प्रोग्रामर |
| 14. | श्री राजेश कपूर | - | वरिष्ठ सलाहकार |

प्रारंभ में, सदस्य सचिव द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग की 239वीं बैठक में उपस्थित अध्यक्षा, सदस्यों, अधिकारियों और पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

बैठक के दौरान एक के बाद एक कार्यसूची मद पर विचार किया गया तथा निम्नलिखित निर्णय लिए गए :-

1. **कार्यसूची मद सं.- 239/I/1**

   **विषय : 28 मई, 2024 को आयोजित आयोग की 238वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि**

   आयोग की 238वीं बैठक का कार्यवृत्त समस्त सदस्यों को परिचालित किया गया था। चूंकि, इस संबंध में किसी से भी कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई, इसलिए आयोग द्वारा इसकी पुष्टि कर दी गई।

2. **कार्यसूची मद सं.- 239/I/2**

   **विषय : की गई कार्रवाई की रिपोर्ट**

   आयोग द्वारा दिनांक 28 मई, 2024 को आयोजित आयोग की 238वीं बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट पर संज्ञान लिया गया।

3. कार्यसूची मद सं.- 239/I/3

**विषय : दिनांक 20-21 जून, 2024 को विभिन्न हितधारकों के साथ परस्पर संवादात्मक बैठक**

आयोग द्वारा प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया और फरीदाबाद में विभिन्न हितधारकों के साथ आयोजित दो दिवसीय परस्पर संवादात्मक बैठक के लिए 14,69,124 /- रु. (चौदह लाख उनहत्तर हजार एक सौ चौबीस रुपये मात्र) + सलाहकार समिति के सदस्यों के लिए वास्तविक व्यय के अनुसार परिवहन भत्ते की राशि की संस्वीकृति प्रदान की।

4. कार्यसूची मद सं.- 239/I/4

**विषय: डिजिटल शक्ति चरण-5 का शुभारंभ**

आयोग द्वारा प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया और दिनांक 5 जुलाई, 2024 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में डिजिटल शक्ति पहल के 5वें चरण के शुभारंभ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, यह भी निदेशित किया गया कि आयोग की अगली बैठक में वास्तविक व्यय के आधार पर कार्यसूची मद को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाए।

5. कार्यसूची मद सं.- 239/I/5

**विषय : राष्ट्रीय महिला आयोग के पॉडकास्ट का निर्माण**

आयोग द्वारा प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया और पॉडकास्ट की तीन कड़ियों के निर्माण के लिए 4,42,500/- रु. (चार लाख बयालीस हजार पाँच सौ रुपये मात्र) + मानदेय एवं वास्तविक परिवहन भत्ते की राशि को अनुमोदन प्रदान किया गया।

6. कार्यसूची मद सं.- 239/I/6

**विषय : दिनांक 8-9 जुलाई, 2024 को शिलांग, मेघालय में "गैर-लकड़ी वन उत्पाद पर आधारित पूर्वोत्तर क्षेत्र की स्वदेशी महिलाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देना" विषय पर क्षमता निर्माण कार्यशाला एवं सम्मेलन**

आयोग द्वारा प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया और दिनांक 8-9 जुलाई, 2024 को शिलांग, मेघालय में "गैर-लकड़ी वन उत्पाद पर आधारित पूर्वोत्तर क्षेत्र की स्वदेशी महिलाओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देना" विषय पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला एवं सम्मेलन आयोजित करने के कुल बजट 15,08,545 रुपये (पंद्रह लाख आठ हजार पाँच सौ पैंतालीस रुपये मात्र) और पहली किस्त के रूप में 7,54,273 रुपये (सात लाख चौवन हजार दो सौ तिहत्तर रुपये मात्र) की राशि जारी करने के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया।

7. कार्यसूची मद सं. : - 239/II/1

**विषय: वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए शीर्षवार विस्तृत बजट आवंटन, वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के लिए प्राप्त कुल अनुदान, दिनांक 31 मई, 2024 तक किया गया व्यय और दिनांक 31 मई, 2024 तक उपलब्ध अव्ययित शेष राशि।**

आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट आवंटन, वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के लिए प्राप्त कुल अनुदान, दिनांक 31 मई, 2024 तक किए गए व्यय एवं दिनांक 31 मई, 2024 तक उपलब्ध अव्ययित शेष राशि पर संज्ञान लिया गया।

8. **कार्यसूची मद सं. : - 239/II/2**

**विषय: मासिक रिपोर्ट – मई, 2024 : शिकायत एवं जाँच प्रकोष्ठ**

आयोग द्वारा कार्यसूची में दिए गए विवरण के अनुसार शिकायत और जांच प्रकोष्ठ से संबंधित मासिक रिपोर्ट (मई, 2024) पर संज्ञान लिया गया।

9. **तालिका कार्यसूची मद सं. : -239/टी/1**

**विषय: रक्षा कर्मियों के परिवार के सदस्यों के लिए एक दिवसीय 'क्षमता निर्माण एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम' :**

आयोग द्वारा प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया और रक्षा कर्मियों के परिवार के सदस्यों के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, आयोग की अगली बैठक में वित्तीय विवक्षाओं के लिए कार्यसूची मद प्रस्तुत करने के लिए भी निदेशित किया गया।

यह निर्णय लिया गया कि आयोग की अगली बैठक दिनांक 18 जुलाई, 2024 को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी।

अध्यक्षा को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्त हुई।

**मीनाक्षी नेगी**
**सदस्य सचिव**

**रेखा शर्मा**
**अध्यक्षा**